तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 23 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 यातायात सुगम बनाने मुख्य चौक चौराहों पर लगाई गई स्टॉपर जाली



## खबर संक्षेप

### नए कानूनों को लेकर आज कार्यशाला



कोरबा। ज़िला प्रशासन एवं जिला पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में न्यायिक दंडाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, व पुलिस विभाग के अधिकारियों को बताने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में 23 जून सुबह 10 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहेंगे। 1 जुलाई से नये क़ानून लागू हो जाएंगे। इसलिए इसके बारे में जानकारी देने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। लागू होने वाले नए कानून देश की न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाएंगे। भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार करना है, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को भी सुनिश्चित करती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की मान्यता और प्रामाणिकता से संबंधित है। नए कानून को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई है जिसमें अधिकारियों के द्वारा विस्तृत से नए कानून के बारे में बताया जाएगा।

### जिले के 4 कोल ब्लॉक की होगी नीलामी

कोरबा। कोयला मंत्री ने कर्मशियल कोल माइनिंग के तहत कोयला खदानों की नीलामी के 10वें दौर की शुरुआत की। इसके तहत 8 राज्यों के 67 कोल ब्लॉक्स की नीलामी की जाएगी। इनमें राज्य की 17 कोयला खदानें शामिल हैं। 17 में चार कोल ब्लॉक जिले में स्थित है। करतला नार्थ में मांड रायगढ़ क्षेत्रफल 36.4 स्क्वायर किमी, ग्रीन कवर 54 प्रतिशत, कोल रिजर्व 450 मिट्रिक टन है। करतला साउथ में क्षेत्रफल 36.4 स्क्वायर किमी, ग्रीन कवर 50 प्रतिशत एवं कोल रिजर्व कोल रिजर्व 1160 मिट्रिक टन है। इसी तरह कोटमेर नार्थ कोलफील्ड मांड रायगढ़ में क्षेत्रफल 37.08 स्क्वायर किमी, ग्रीन कवर 36 प्रतिशत, कोल रिजर्व 617 मिट्रिक टन है। वहीं कोटमेर साउथ कोलफील्ड्स मांड रायगढ़ में क्षेत्रफल 37.08 स्वायर किमी, ग्रीन कवर 33 प्रतिशत एवं कोल रिजर्व 90 मिट्रिक टन शामिल है।

# 12 किलोमीटर लंबी चिर्रा श्यांग सड़क का नहीं हुआ डामरीकरण

## पूर्व सरकार के समय की गई थी सड़क के डामरीकरण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कुदमुरा से श्यांग तक जाने वाली 30 किलोमीटर लंबी सड़क का पूर्ण डामरीकरण का कार्य क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए दिस्वप्न की भांति हो गया है। लंबे संघर्ष के बाद कुदमुरा से चिर्रा तक सड़क का निर्माण तो किया गया है फिर भी चिर्रा से श्यांग 12 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़क अब भी डामरीकरण को मोहताज है। तमाम प्रयास के बाद पूर्व सरकार के समय सड़क के डामरीकरण की घोषणा की गई थी, किंतु स्थिति आज तक जस की तस बनी हुई है।

कुदमुरा से श्यांग की ओर जाने वाली लगभग 30 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण ग्रामीणों के संघर्ष के कारण कुछ आधी हिस्से तक ही हुआ है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा लंबे समय पूर्व सड़क का निर्माण कार्य किया गया था। डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण के बाद से क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण सड़क को डामरीकरण के लिए सालों इंतजार करना पड़ा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता व संचार पत्रों से जुड़े लोगों के द्वारा दौरे पर आने वाले विधायक और सांसदों को सड़क की स्थिति से लगातार अवगत कराया गया। तब कहीं जाकर डब्ल्यूबीएम सड़क को डामरीकरण किए जाने की शुरूआत कुदमुरा से हुई, तब ग्रामीणों को लगा कि उनकी मांग अब पूरी होने जा रही है, लेकिन उनकी उम्मीद तब धरी की धरी रह गई जब लोक निर्माण विभाग ने केवल 22 किलोमीटर कुदमुरा से चिर्रा तक ही डामरीकरण का कार्य कर सका उसके बाद 12 किलोमीटर सड़क का निर्माण अभी भी शेष है। क्षेत्र के ग्रामीणों को 12 किलोमीटर का सफर करना मुश्किल भरा रहता है। क्षेत्र के मदनपुर में पिछली सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रवास के दौरान चिर्रा श्यांग सड़क के डामरीकरण को लेकर घोषणा की थी।

### खास बातें

- लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत किया गया था सड़क का निर्माण
- 35 गांव के ग्रामीण जुड़े है इस सड़क से



### क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण आवश्यक



अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने इसके संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा था, जिसमें उन्होंने चिर्रा श्यांग सड़क से आसपास के ग्रामीण अंचलों की पहुंच विहीन स्थिति से अवगत कराते हुए सड़क के डामरीकरण को आवश्यक बताया था। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इसकी घोषणा तो की, लेकिन सरकार बदलने के बाद घोषणा अधूरी की अधूरी रह गई।

## नवा जतन से नहीं जतन किए जा सके शिक्षण संस्थान

# डीएमएफ के बाद भी नहीं सुधरी स्कूलों की दशा



जर्जर भालूसटका का प्राथमिक शाला भवन।



मानस नगर प्रायमरी स्कूल जहां नहीं बनी बाउंड्रीवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में डीएमएफ के फंड और शासन के नवा जतन योजना के बावजूद भी अंचल के स्कूलों की स्थिति नहीं सुधर रही है। छत से रिसता बरसात का पानी और बाउंड्रीवाल विहीन स्कूल नजर आ रहे हैं। शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों की भी स्कूलों को नवा जतन से संवारने का कार्य हुआ था वह भी कुछ स्कूलों तक ही सीमित रहा।

स्कूलों की स्थिति सुधारने के तमाम प्रयास होने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लगातार योजनाएं बनाने और कार्य करने के बाद भी स्कूल की हालत बरसात में बैठने लायक नहीं रहती। कई स्कूल ऐसे हैं कि भवनों के खराब हालत के कारण उन्हें दूसरे स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है। हालत यह है कि जिले में 345 स्कूल पूरी तरह जर्जर हैं। जिनके लिए नये भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव भी शासन को भेजा है। दो दिन पूर्व कलेक्टोरेट में हुई बैठक के दौरान जर्जर स्कूलों की स्थिति सुधारने को लेकर डीएमएफ से राशि देने के संबंध में निर्णय लिया गया है, लेकिन बरसात के पूर्व इन स्कूलों को सुधारा जाए यह संभव नहीं लगता। मानसून दस्तक दे चुका है और स्कूल ऐसी स्थिति में है कि बरसात में स्कूल पहुंचना भी मुश्किल हो ⏭ शेष पेज 3 पर

### खास बात

- कहीं एकल शिक्षकीय कहीं शिक्षक विहीन स्कूल

### मानसनगर स्कूल में बाउंड्रीवाल की दरकार

दूसरा स्कूल नगर निगम के मानसनगर क्षेत्र में है। ढेंगुरनाला के किनारे इस स्कूल की बिल्डिंग बनाई गई है। इसकी गुणवत्ता ऐसी है कि भवन में दरारें आ गई है, दर्री मार्ग में ढेंगुरनाला के किनारे सड़क के नीचे स्थित स्कूल में बाउंड्रीवाल भी नहीं है। शौचालय की स्थिति खराब बनी हुई है। बरसात में ऊपर स्थित स्थित बस्ती का पानी स्कूल की दीवारों से गिरता हुआ सीधे ढेंगुरनाला में पहुंचता है। जिससे स्कूलों की दीवार क्षतिग्रस्त हो रही है। स्टॉफ और कक्षाओं में बासात का पानी सीपेज होता है उसके बावजूद बच्चे बैठने को मजबूर हैं। यही स्थिति वार्ड क्रमांक 36 भदरापारा रिस्दा प्रायमरी स्कूल का है, जहां बरसात में छत से पानी सीपेज होने के कारण बच्चों को स्टॉफ रूम के कमरे में बैठाया जाता है। शौचालय उपयोग करने लायक नहीं है, उसके बावजूद विभागीय अधिकारी स्कूलों की स्थिति देखने नहीं पहुंचते।

### ग्रामीण अंचल के स्कूलों की यही हाल

शहर से लगे भालूसटका और नकटीखार स्कूलों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हालत यह है कि मरम्मत की दरकार इन स्कूलों को बनी हुई है। भालूसटका स्कूल नगर निगम सीमा से लगा हुआ है। ग्राम पंचायत का कुछ हिस्सा भी स्कूल में आता है यही कारण है कि स्कूल के मरम्मत कार्य को लेकर नगर निगम और ग्राम पंचायत के बीच विवाद की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों के लिए नवा जतन योजना लाई गई थी। उसके बावजून इन स्कूलों की स्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा है। डूमरडीह, भूलसीडीह, बेला और दोंदरों प्रायमरी स्कूल की स्थिति भी नवाजतन से नहीं सुधारी गई।

### 340 स्कूल एकल शिक्षकीय और 36 स्कूल शिक्षक विहीन

जिले में शिक्षा विभाग के रिकार्ड में पांचों विकासखंड के अंतर्गत चल रहे स्कूलों में 340 स्कूल ऐसे हैं जो एकल शिक्षकीय हैं और 36 स्कूल ऐसे हैं जो शिक्षक विहीन है। इन स्कूलों में पढ़ाने के लिए प्रायमरी व मीडिल स्कूल के शिक्षकों को भेजा जाता है। कई बार स्थिति यह हो जाती है कि शासकीय काम से एकल शिक्षकीय स्कूल के शिक्षक अगर जिला मुख्यालय आते हैं तो स्कूल रसोईयों के भरोसे संचालित होते हैं। शिक्षक विहीन स्कूल में जब कहीं दूसरे स्कूल का शिक्षक किसी कारणवश या अवकाश में होने के कारण नहीं पहुंचते तो वहां तालाबंदी की स्थिति हो जाती है। शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए मीडिल स्कूल से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल में अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। बीते 5 वर्ष से नियमित शिक्षकों की भर्ती नहीं होने से स्कूलों की पढ़ाई व्यवस्था अतिथि शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रही है।

### मीडिल स्कूल लगता है प्रायमरी में

राताखार वार्ड में मीडिल स्कूल की शुरूआत 2005 में हुई थी। आज 18 साल बाद भी मीडिल स्कूल को स्वयं का भवन नहीं मिल सका है। महज 2 कमरे बनाकर स्कूल संचालन का कार्य शुरू कर दिया गया था और उसके बाद से कई शिक्षा अधिकारी बदल गए, लेकिन मीडिल स्कूल दो कमरे से आगे नहीं बढ़ सका। आज हालत यह है कि प्राथमिक शाला में मीडिल स्कूल की कक्षाएं लग रही है।

### तीन योजनाओं से हो रहे मरम्मत कार्य

जिन स्कूल की स्थिति जर्ज़र थी उनका मरम्मत कार्य समग्र शिक्षा, डीएमएफ और नवा जतन योजना से किया जा रहा है। कुछ के कार्य रुके हुए थे वह भी राशि जारी होते ही शुरू हो जाएंगे। -टीपी उपाध्याय, डीईओ

# सड़क हादसे में पिता की मौत दो मासूम घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जांच कार्यवाही करती पुलिस।


अपने दो मासूम बच्चों को बाइक में सवार होकर स्कूल से घार लौट रहा एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई है, जो बच्चे घायल हुए हैं उन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्गा का है। यहां रहने वाला राज तिर्की 30 वर्ष पिता बालक राम तिर्की अपने 10 वर्षीय पुत्र अनुप तिर्की व 7 वर्ष पुत्र आलोक तिर्की को स्कूल में भर्ती कराने मोटरसाइकिल से लेकर गया हुआ था। स्कूल बंद होने की वजह से तीनों वापस अपने गृहग्राम कोल्गा लौट रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनके बाईक की भिड़ंत हो गई इस हादसे में राज तिर्की की वहीं घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि अनुप व आलोक घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर



कोरबा-कटघोरा मार्ग पर दर्री के नगर निगम जोन कार्यालय के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक बालक सहित तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। उन्हें एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी है। घायलों में दो की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है। जिन्हें मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। कार का चालक शेखर तेज रफ्तार से कार चला रहा था जिसके कारण यह हादसा हुआ। मामले को लेकर दर्री थाना प्रभारी न बताया है कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं लापरवाह कार चालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।




# जांच कमेटी के सदस्यों को जनपद से नहीं मिल रहे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत किए गए सिलाई मशीन वितरण में हुई गड़बड़ियों के मामले में सीईओ जिला पंचायत द्वारा गठित जांच समिति को प्रकरण से संबंधित दस्तावेज जनपद से नहीं मिल रहे हैं, जिससे जांच शुरू नहीं हो पा रही है।

सिलाई मशीन वितरण के मामले को लेकर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग महाप्रबंधक जिला उद्योग और महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी की तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया था। टीम को मैदानी क्षेत्र का और हितग्राहियों को मिलकर बयान लेकर जांच करने के निर्देश दिए गए थे। आज एक सप्ताह हो चुके हैं, जांच टीम के सदस्यों को सिलाई मशीन वितरण से संबंधित दस्तावेज ही उपलब्ध नहीं होने के कारण जांच शुरू नहीं हो पा रही है, जबकि यह मामला गंभीर है लेकिन दस्तावेज के अभाव में जांच समिति के भी हाथ बधे हुए हैं। जांच अधिकारियों की माने तो उन्हें अभी इसके दस्तावेज उपलब्ध नहीं हुए हैं, जनपद सीईओ से दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेज ⏭ शेष पेज 3 पर

### खास बातें

- मामला सिलाई मशीन वितरण का
- सीईओ जिला पंचायत ने गठित की है कमेटी

### अन्य जनपदों में हुआ वितरण

सिलाई मशीन वितरण का कार्य जनपद पंचायत कोरबा के अलावा अन्य जनपद पंचायत करतला, कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण अंचलों में हुआ है। पाली और पोड़ी उपरोड़ा ऐसे जनपद पंचायत हैं जहां दूरदराज के ग्रामीण अंचलों में अधिकारियों का नियमित दौरा नहीं होता और ऐसे ही ग्रामीण अंचलों के हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ देने के लिए उनका चयन किया जाता है, किंतु हकीकत में मैदानी स्तर पर हितग्राही लाभान्वित नहीं हो पाते।





# रोहित शेट्टी ने खुद किया खतरनाक स्टंट

**नई दिल्ली।** खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा रहे हैं। इसी बीच इंटरनेट पर रोहित शेट्टी ने खुद स्टंट करते हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट कर दी हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का हर सीजन दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आता है। इस सीजन में भी फैंस को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। सामने आ रही शूटिंग की तस्वीरों और वीडियोज के आधार पर कहा जा सकता है कि यह सीजन काफी मुश्किल रहने वाला है। क्योंकि, अभी तक कई एक्टर्स के टास्क करने की कोशिश में जख्मी होने या फिर किसी कीड़े के काटे जाने की खबरें आ चुकी हैं।

## लाइफ Style

# ईशा कोपिकर

## झेल चुकी हैं कास्टिंग काउच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ईशा कोपिकर, जिन्होंने फिजा फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने हाल ही में अपने कास्टिंग काउच के एक्सपीरियंस को शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैं 18 साल की थी। जब एक सेक्रेटरी और एक एक्टर ने मुझे कास्टिंग काउच के लिए अप्रोच किया। उन्होंने कहा कि आपको काम के लिए एक्टर्स के साथ फ्रेंडली होना पड़ेगा।

मैं बहुत फ्रेंडली हूं। लेकिन उस फ्रेंडली का मतलब क्या है। मैं इतनी फ्रेंडली हूं कि एकता कपूर ने एक बार मुझसे कहा था कि थोड़ा एटिट्यूड रखा करो। आगे एक्ट्रेस ने कहा, 'जब मैं 23 साल की थी, तो एक ए लिस्ट एक्टर ने मुझसे अकेले में मिलने के लिए कहा, मेरे ड्राइवर या किसी और के बिना, क्योंकि उसके बारे में अफ़वाहें थीं कि वह दूसरी एक्ट्रेसेस के साथ संबंध रखता है। उसने कहा, 'मेरे बारे में पहले से ही विवाद हैं, और कर्मचारी अफ़वाहें फैलाते हैं।' लेकिन मैंने मना कर दिया और उससे कहा कि मैं अकेले नहीं आ सकती। वह हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री का एक ए-लिस्ट अभिनेता था।'

एक इंटरव्यू में ईशा कोपिकर ने कहा, 'मैंने हीरो को फ़ोन किया, जिसने मुझे अकेले में मिलने के लिए कहा था। उस समय, उस पर बेवफाई का आरोप लगाया जा रहा था, इसलिए उसने मुझे अपने स्टाफ को छोड़कर उससे मिलने के लिए कहा गया।' उसके बाद ईशा ने बताया कि उसने प्रोड्यूसर को फ़ोन किया और कहा कि उसे 'प्रतिभा और लुक के कारण चुना गया है और अगर इससे मुझे अच्छा काम मिल सकता है, तो यह काफी अच्छा है।' गौरतलब है कि ईशा कोपिकर 90 के दशक में बतौर मॉडल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मराठी फिल्मों में काम किया है।



## हॉलीवुड मसाला



# नशे में धुत पाए गए रैपर ट्रैविस स्कॉट

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर, गायक और गीतकार ट्रैविस स्कॉट को मियामी क्षेत्र से गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। गायक पर अव्यवस्थित नशा और अतिक्रमण का आरोप लगा है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, रैपर को मियामी में नशे में धुत होने और अतिचार के आरोप में गुरुवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन्हें जल्द ही रिहा भी कर दिया गया, लेकिन इसके लिए उन्हें रकम चुकानी पड़ी। जेल रिकॉर्ड से यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने 650 डॉलर (तकरीबन 55 हजार रुपये) का बॉन्ड जमा किया, जिसके बाद उन्हें रिहाई मिल गई।



# ऑस्कर की श्रेणी में शामिल हो सकता है सर्वश्रेष्ठ स्टंट का पुरस्कार?

**लॉस एंजिलिस।** ऑस्कर फिल्म जगत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। 1927 में पहली बार इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था और साल 2028 में इसके 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में ऑस्कर अवॉर्ड देने वाली संस्था एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा कुछ खास तैयारियां की जा रही है और आने वाले दिनों में जो आयोजन होंगे उसमें कुछ बड़े बदलाव भी होने जा रहे हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के सीईओ बिल क्रेमर ने हाल ही में एक साक्षात्कार दिया। इसमें उनसे पूछा गया कि क्या वो सर्वश्रेष्ठ स्टंट के लिए भी ऑस्कर पुरस्कार देने पर विचार कर रहे हैं। जवाब में, क्रेमर ने कहा कि इस बारे में उनकी प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा के साथ बातचीत चल रही हैं। एकेडमी का एबीसी के साथ जो समझौता है उसके तहत मात्र 23 श्रेणियों के पुरस्कारों को ही टीवी पर दिखाया जाता है।



# कियारा की सिंगिंग सुन कर लेंगे तौबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के एक्टिंग के जौहर तो आपने कई फिल्मों में देखे होंगे। गजब तो तब हो गया जब कियारा ने अपना सिंगिंग टैलेंट दिखाया। वो भी ऐसी वैसी जगह नहीं कियारा ने इंडियन आइडल के ग्रैंड फिनाले पर उन्हीं के मंच पर आकर तीन फाइनलिस्ट के लिए ऐसा गाना गाया कि जज अनु मलिक से लेकर वहां मौजूद ऑडियंस का चेहरा देखने लायक था। हम शर्त लगा कर कह सकते हैं कि ये वीडियो देखने के बाद आप यकीनन चाहत फतेह अली खान को उनके बदो बदी गाने के लिए माफ कर देंगे। उनका गाना तो एक बार आपकी जुबान पर चढ़ जाएगा लेकिन कियारा का गाना सुनने के बाद अनु मलिक और खुद सिद्धार्थ मल्होत्रा के चेहरे पर जो एक्सप्रेशन थे वो देखने लायक थे। ये वीडियो दो साल पुराना है। इसमें सिद्धार्थ और कियारा बतौर जज शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचे थे।



# पैपराजी पर भड़के जैकी आया गुस्सा?

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ अपने सरल स्वभाव और चटपटी बोली के लिए जाने जाते हैं। उनके चाहने वाले उनके पीछे-पीछे उनके साथ निकल पड़ते हैं। अब हाल ही में, दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ शुक्रवार को मुंबई में बाहर निकलते ही पैपराजी द्वारा घेर लिए गए, और वह उन्हें सलाह देते हुए देखे गए, साथ ही उनसे दूरी बनाए रखने और भीड़ इकट्ठा न करने के लिए भी कहा। उन्होंने पैपराजी से यह भी कहा कि वे चिल्लाएं नहीं, क्योंकि इससे दिल की समस्या हो सकती है। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जैकी को अपने खास अंदाज में पैपराजी से बात करते हुए देखा जा सकता है। दरअसल योग दिवस पर पैपराजी और मीडिया ने उन्हें और उनकी कार को घेर लिया था। जैसे ही पैपराजी ने उनका नाम पुकारा, उन्होंने कहा, 'सांस ले लंबा सांस ले। शांति!

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस' ओटीटी 3 में नजर आएंगे साई केतन राव

नई दिल्ली। 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के प्रतिभागियों का खुलासा होना शुरू हो गया है। इस कड़ी में अगले प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं, बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो 'मेंहदी है रचने वाली' में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'चाशनी' और 'इमली' जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने 'थ्री हाफ बॉटल्स', 'लव स्टूडियो', 'लवली', 'अहम ब्रह्मास्मि', 'स्ट्रेंजर्स' आदि सीरीज में काम किया है। टीवी शो और वेब सीरीज के अलावा उन्होंने कुछ तेलुगु शॉर्ट मूवीज में भी काम किया है। उन्होंने सबसे पहले साल 2016 में तेलुगु शॉर्ट फिल्म 'डेविल इन डिसगाइज' में काम किया। इसके बाद वह तेलुगु फिल्म 'नेने राजू नेने मंत्री' में काम किया। इसके अलावा वह एक बॉक्सर भी हैं। साई स्टेट लेवल पर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भी हिस्सा ले चुके हैं। अब वह 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के साथ एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# इस हादसे की वजह से बदल गई थी सना की जिंदगी

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री सना मकबूल खान इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे इस बार 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' में ग्लैमर का



तड़का लगाती नजर आने वाली हैं। सना मकबूल के फैंस उन्हें घर में देखने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सना मकबूल खान टीवी की दुनिया का चमकता हुआ नाम है। वे टीवी के अलावा तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सना मकबूल खान कई हिट शो का हिस्सा रह चुकी हैं। वे 'कितनी मोहब्बत 2', 'इस प्यार को क्या नाम दूं' और 'आदत से मजबूर' जैसे शो में काम कर चुकी हैं। सूत्रों की मानें तो सना को हेपेटाइटिस हो गया था। इस वजह से उन्हें अपने कई शो से भी हाथ धोना पड़ा था। वहीं अब वे एक बार फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। सना मकबूल खान लंबे समय के बाद 'बिग बॉस ओटीटी 3' से वापसी करने जा रही हैं।

*एक्शन में साउथ की ये एक्ट्रेस पुष्पा और केजीएफ से भी निकली आगे*

# रेचेल का धांसू टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** हनी रोज की फिल्म रेचेल का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर ने इशारा कर दिया है कि फिल्म जबरदस्त मारधाड़ और खून-खराबा देखने को मिलेगा। आनंदिनी बाला रेचेल के साथ डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रही है। इस टीजर से इशारा मिल जाता है कि हनी रोज को एकदम नए अंदाज में पेश किया जाएगा और उनके एक्टिंग के हुनर का भरपूर फायदा भी उठाया जा रहा है। फिल्म में बाबू राज, कलाभवन शाजोन, रोशन बशीर, चंदू सलीमकुमार, राधिका राधाकृष्णन, जाफर इडुक्की, विनीत थट्टिल, जोजी, दिनेश प्रभाकर, पॉली वलसन, वंदिता मनोहरन जैसे कलाकार भी हैं।रेचेल मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार है। रेचेल का टीजर देखकर फैन्स




जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। एक फैन ने हनी रोज की तारीफ करते हुए लिखा है कि हनी रोज यहां सिर्फ एक्टिंग नहीं कर रही हैं, बल्कि वो इस कैरेक्टर को जी रही हैं। इसे देखकर रोंगटे खड़े हो गए। वहीं एक कमेंट आया है कि यह फिल्म हनी रोज की सबसे बेहतरीन फिल्म होगी। फिल्म देखने का इंतजार है। यहीं यूट्यूब पर इसके बैकग्राउंड म्यूजिक को लेकर भी जमकर कमेंट आ रहे हैं। इस तरह फैन्स को अब इंतजार है तो रेचेल के ट्रेलर का। साउथ की एक्ट्रेस हनी रोज का पूरा नाम हनी रोज वर्गीज है। हनी मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। 2023 में हनी रोज ने 'वीरा सिम्हा रेड्डी' के साथ तेलुगू फिल्मों में कदम रखा और धूम मचा दी।

# बॉलीवुड सुपरस्टार की बिग बजट फिल्म साबित हुई डिजास्टर

**नई दिल्ली।** बिग बजट की फिल्में इस उम्मीद से बनाई जाती हैं कि बॉक्स ऑफिस पर उतरते ही ये मूवीज अपना कमाल दिखाएंगी और मेकर्स ने फिल्म को बनाने के लिए जो बड़ा अमाउंट खर्च किया होता है। उसकी लागत वसूलने की भी उम्मीद होती है। साथ ही मुनाफा कमाने की भी ख्वाहिश होती है। लेकिन हर फिल्म उस उम्मीद पर खरी नहीं उतरती।इसका उदाहरण है आशुतोष गोवारीकर की वो फिल्म जिसे बनाने के लिए उन्होंने सौ करोड़ से ज्यादा रुपए फूंक दिए। अकेले हीरो ने ही फिल्म के लिए 68 करोड़ रुपए की फीस ली। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई और डिजास्टर साबित हुए। ये फिल्म थी मोहनजो दारो। जो आशुतोष गोवारीकर ने डायरेक्ट की थी। ऋतिक रोशन, पूजा हेगड़े और कबीर बेदी, इसमें लीड रोल में थे। पूरी फिल्म बनाने में आशुतोष गोवारीकर ने करीब 115 करोड़ रुपए खर्च किए थे। आईएमडीबी के मुताबिक, इस बजट में 68 करोड़ रुपए सिर्फ ऋतिक रोशन की ही फीस थी। फिल्म 206 में रिलीज हुई थी।लेकिन उनका करिश्मा भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कोई कामयाबी नहीं दिलवा सका। ऋतिक रोशन की ये फीस उस समय के हिसाब से किसी हीरो की सबसे ज्यादा फीस थी। फिल्म की कहानी मोहनजो दारो सिविलाइजेशन



के इर्द गिर्द घूमती है। उस दौर को रचने के लिए आशुतोष गोवारीकर ने सेट्स और कॉस्ट्यूम्स पर बहुत पैसा खर्च किया। फिल्म की कहानी एक युवा से शुरू होती है जिसे सपने में यूनिकॉर्न दिखता है। और उसकी तलाश में वो मोहनजो दारो तक आ जाता है। जहां के लोगों को शासक के जुल्मों सितम से बचाने के लिए वो लंबी लड़ाई लड़ता है। उसके बाद एक नई सभ्यता का उदय होता है। फिल्म की कहानी दर्शकों के गले नहीं उतर सकी थी और फिल्म की जबरदस्त हाइप होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस सिर्फ 100 करोड़ रुपए ही कमा सकी थी।

# फिल्म इंडस्ट्री के वो स्टार्स जिन्होंने बदले अपने असली नाम

*मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर्स की पहचान उनके नाम से होती है। आज फिल्म इंडस्ट्री में कई नाम ऐसे हैं जिसे हर कोई जानता है। हालांकि, ऐसे कई एक्टर्स हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में आने से पहले अपने नाम को बदला। आज हम आपको उन एक्टर्स के असली नाम बता रहे हैं।*



### शाहरुख खान

किंग खान, बादशाह, रोमांस किंग...ये कुछ नाम हैं जो शाहरुख खान के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। ये नाम उनको उनके फैंस और इंडस्ट्री में अपने काम पर मिले, लेकिन क्या आप जानते हैं शाहरुख खान का असली नाम कुछ और था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान की नानी ने उनका नाम अब्दुल राशिद खान रखा था। बाद में, उनके पिता ने उनका नाम बदल कर शाहरुख कर दिया था।

### सलमान खान

आपको जानकर हैरानी होगी की सलमान खान का असली नाम अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान था। सलमान खान का ये नाम उनके पिता सलीम खान और दादा अब्दुल रशीद खान के नाम से मिलकर बना है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्मों में आने के बाद उन्होंने अपना नाम सलमान खान कर लिया था। आज पूरी दुनिया उन्हें सलमान खान के नाम से जानती है।





### रेखा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा ने अपने वक्त में बहुत सी हिट फिल्में दी हैं। वो आज भी एक जानामाना नाम हैं और हर कई उनकी सुंदरता की तारीफ करता है। क्या आप जानते हैं रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेश है। उन्होंने फिल्मों में काम करने के लिए अपने नाम को छोटा करके रेखा रख लिया था।

### अक्षय कुमार

अक्षय कुमार का असली नाम राजीव भाटिया था। उन्होंने फिल्मों में आने के बाद अपना नाम बदला। एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने बताया था कि फिल्म 'आज' में लीड रोल कुमार गौरव निभा रहे थे। फिल्म में उनके किरदार का नाम अक्षय था। एक दिन उन्हें पता नहीं क्या हुआ वो कोर्ट गए और अपना नाम अक्षय कुमार कर लिया।



### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी को कौन नहीं जानता। हर कोई इस नाम से वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिल्पा शेट्टी का ये असली नाम नहीं है। शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनका नाम उनकी मां ने चेंज किया था। शिल्पा की मां एक एस्ट्रोलॉजर हैं और उन्होंने बेटी का करियर बनाने के लिए नाम बदलने का फैसला किया था।



## खबर संक्षेप



### कोतवाली थाना व कॉलोनी का जीर्णोद्धार हेतु उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जर्जर हो चुके सिटी कोतवाली का निर्माण व विकास कराए जाने संबंधी वार्ड क्र. 11 नई बस्ती के पार्षद दिनेश सोनी ने 21 जून योग दिवस पर कोरबा प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा गया। दिनेश सोनी ने उपमुख्यमंत्री श्री साव को बताया कि वार्ड-11 में वर्षों पुराना सिटी कोतवाली कार्यालय व कालोनी स्थित है। आवासीय कालोनी काफी जर्जर हो चुकी है और उक्त अनुपयोगी हो चुके कालोनी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव होने पर भी अधिकारी व कर्मचारी मजबूरी में निवास कर रहे हैं। श्री सोनी ने प्रभारी मंत्री से आग्रह किया कि अनुपयोगी हो चुके कालोनी को अवलोकन, निरीक्षण कर पुनः निर्माण एवं विकास कराए जाने हेतु उचित पहल की जाए। सिटी कोतवाली परिसर में काफी विशाल भूमि स्थित है जिसका वर्तमान विकास के दौर में सदुपयोग किया जाना आवश्यक है। यहां बेहतर कालोनी और अन्य विकास कार्य कराये जाने के साथ-साथ संसाधनों का सुदृढ़ीकरण कराने की आवश्यकता बनी हुई है।

### निःशुल्क संचालित कैंसर वैन की मिलेगी सुविधा




**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की एक बड़ी सेवा निःशुल्क कैंसर परीक्षण बस का आगमन कर शहर में 24 जून को हो रहा है। राज्य में इसका शुभारंभ दर्री जमनीपाली शाखा से हो रहा है। दर्री जमनीपाली में यह शिविर 24 जून को अग्रसेन भवन साडा कालोनी में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित है। उसके बाद बस 25 जून को जिले में पहुंचेगी। कोरबा में यह शिविर बुधवारी बायपास रोड विवेकानंद सेवा सदन में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक निःशुल्क सेवा प्रदान करेगी। उसके बाद यह बस चांपा, रायपुर, पिथोरा अन्य शाखाओं में भ्रमण करते हुए ओडिसा प्रवेश करेगी। सभी शिविर में सभी जांच निःशुल्क किए जाएंगे। मनीष अग्रवाल ने क्षेत्र के सभी लोगों से निवेदन किया है कि इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ अवश्य लेंवे।

### तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मेडिकल स्टॉफ ने शुरू किया काम बंद आंदोलन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 21 जून से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। इसकी सूचना कुछ माह पूर्वक अधिकारियों को दे दी गई थी। मांगें पूरी नहीं होने से नाराज जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हैल्थ वैलनेस सेंटर, उप स्वास्थ्य केंद्र सहित जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एकत्र होकर तानसेन चौक में आंदोलन पर डटे हुए हैं। आंदोलन पर बैठे स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि उनकी तीन सूत्रीय मांग है। प्रमुख मांगों में 8 माह से लंबित कार्य आधारित वेतन का शीघ्र भुगतान, गृह जिले में स्थानांतरण की अनुमति तथा मुख्यालय निवास का दायरा 8 कि.मी. के अंतर्गत किया जाना शामिल है। पवन कुमार वर्मा जिला संयोजक कांकेर की सेवा समाप्ति के आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त की मांग भी उठाई गई। उक्त मांगों के साथ धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। जब तक मांगी पूरी नहीं होगी तब तक अनिश्चित कालीन आंदोलन जारी रहेगा। धरना पर बैठे उमाशंकर धरमा जिला संयोजक सीएचओ, सुष्मिता परीदा कोषाध्यक्ष, तात्या यादव, महेंद्र उईके, आरती जांगड़े एवं सैकड़ो स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अधिकारी पर बैठे हुए हैं।

# यातायात सुगम बनाने मुख्य चौक चौराहों पर लगाई गई स्टॉपर जाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शहर के प्रमुख चौक चौराहा में बाएं और दाएं ओर जाने के लिए आम लोग चौक में ही खड़ी कर देते हैं जिसके कारण बाएं और दाएं जाने वाले लोगों को पीछे ही रुकना पड़ता है। जिसकी वजह से यातायात प्रभावित होती है। अब बाएं और दाएं जाने के लिए लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने पहल की है।

उल्लेखनीय है कि शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने की दिशा पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। जहां शहर के प्रमुख चौक टीपी नगर व सीएसईबी चौक के समीप अक्सर यह देखा जाता था कि चौक पर बांए और दाएं जाने के लिए लोग चौक पर ही गाड़ी खड़ा कर दिया करते थे जिसके चलते बांया और दांया जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और इससे जाम की स्थिति भी निर्मित हुआ करती थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात सउनि मनोज राठौर उनकी टीम ने रायपुर से 30 नग स्टॉपर जाली की खरीदी की है। अब शहर के प्रमुख चौक चौराहा में बाएं और दाएं जाने के लिए अलग से रूट बनाने की दिशा पर पहल की है। निश्चित तौर पर इन स्थानों पर स्टॉपर जाली लग जाने से यातायात व्यवस्था दुरुस्त होगी। शर्तें आम लोगों को आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करना होगा। अक्सर देखा जाता है कि लोग जिन्हें बांए और दांए नहीं जाना होता है वे लोग भी जाली के बाजू में गाड़ी खड़ा कर देते हैं जिसके कारण पीछे से खड़े यात्रियों को उस दिशा में जाने में परेशानी होती है। यातायात पुलिस को फिलहाल इसके लिए लगातार अभियान चलाकर लोगों को जनजागरुकता फैलानी की आवश्यकता है ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुगम हो सके और आने वाले दिनों में रेड लाइट जंप व जाली के समीप दांयी और बांयी ओर बेवजह गाड़ी खड़े करने वाले लोगों पर जुर्माने की कार्यवाही करनी चाहिए। जिससे निश्चित तौर पर शहर की यातायात व्यवस्था और बेहतर हो सकती है।

### यातायात पुलिस को मिला 30 नग स्टॉपर

**खास बातें**

- शहर के टीपीनगर व सीएसईबी चौक में लगाया गया
- यातायात में आएगी कसावट



## बांगो हसदेव नदी में पिछले कई दिनों से किया जा रहा था अवैध उत्खनन

# रेत तस्करों के हौसले बुलंद, चैन माउंटेन लगाकर नदी का सीना कर रहे छलनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश का सीजन शुरू होते ही जिले के सभी रेत घाटों को खनिज विभाग ने बंद कर दिया है बावजूद इसके रेत तस्करों के हौसले बुलंद हैं वे किसी भी नदी नाले को नहीं छोड़ रहे हैं। बकायदा चैन माउंटेन लगाकर नदी को छलनी छलनी करने में लगे हुए हैं। जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो ग्रामीणों ने रंगे हाथों चैन माउंटेन को धर दबोचा और खनिज विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चैन माउंटेन को जब्त कर थाने में खड़ा कराया।

मामला बांगो थाना क्षेत्र के हसदेव नदी का है। यहां निवास करने वाले अभय गर्ग नामक एक व्यक्ति के चैन माउंटेन के जरिए अशोक दास नामक युवक हसदेव नदी में चैन माउंटेन लगाकर पिछले कुछ दिनों से रात के अंधेरे में रेत की धड़ल्ले से चोरी की जा रही थी। जब ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जमकर हंगामा करने लगे ग्रामीणों के हंगामे को देखकर चैन माउंटेन का चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर भाग निकला। जिसके बाद ग्रामीणों ने खनिज विभाग को इसकी सूचना दी, तब खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हसदेव नदी में रेत उत्खनन में लगे चैन माउंटेन को जप्ती की कार्रवाई की गई। उक्त चैन माउंटेन को बांगो थाने के सुपुर्द किया गया है।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने देर रात अवैध उत्खनन करते हुए चैन माउंटेन को पकड़कर किया खनिज विभाग के हवाले




नदी में चैन माउंटन मशीन का विरोध करते ग्रामीणों।

### हर इलाके में हो रहा है रेत का अवैध उत्खनन

जिले में 10 जून से रेत की निकासी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है। रेत लोगों को मुहैया हो सके इसके लिए अलग-अलग क्षेत्र में लोगों ने रेत भंडारण के लिए अनुमति ले रखी है लेकिन यहां भी घालमेल किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि रात के अंधेरे में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित नदी नालों से धड़ल्ले से रेत की चोरी की जा रही है। हालांकि खनिज विभाग द्वारा ऐसे रेत तस्करों पर कार्यवाही भी की जा रही है लेकिन व्यापक पैमाने पर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद हैं।

### जुर्माना नहीं बल्कि एफआईआर दर्ज होनी चाहिए

जिले में रेत तस्कर खनिज विभाग पर भारी पड़ रहे हैं। खनिज विभाग के अधिकारी करें तो क्या करें निश्चित तौर पर ऐसे तस्करों को सबक सिखाने के लिए सीधे उनपर एफआईआर दर्ज होना चाहिए। साथ ही मौके पर जप्त किए गए चैन माउंटेन या ट्रैक्टर या अन्य वाहनों को न्यायालय में पेश कर राजसात किए जाने की कार्यवाही की जानी चाहिए। जब तक सख्ती से कार्रवाई नहीं होगी रेत तस्कर जुर्माना देकर फिर से रेत चोरी करते रहेंगे और शासन को चूना लगाते रहेंगे।

### की गई है कार्रवाई

बांगो हसदेव नदी में चैन माउंटेन से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर खनिज विभाग की टीम ने मौके से चैन माउंटेन को जब्त कर बांगो पुलिस सुपुर्द किया है। मामले में चैन माउंटेन के मालिक अभय गर्ग के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

-**प्रमोद कुमार**, खनिज अधिकारी उपसंचालक

## कुआंभट्ठा बस्ती से निजी जमीन में काबिज लोगों को हटाने की कार्रवाई पर स्टे



पूर्व राजस्व मंत्री से चर्चा करते बस्तीवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के कुआंभट्ठा बस्ती में निजी जमीन में काबिज 40 लोगों को हटाने की कार्यवाही करने पहुंचे तहसीलदार की कार्यवाही पर हाईकोर्ट से बस्तीवासियों को स्टे मिलने की जानकारी सामने आई है। दो दिन पूर्व ही राजस्व अमला बेदखली की कार्यवाही करने कुआंभट्ठा बस्ती पहुंचा था। जिसका बस्तीवासियों ने पार्षद के नेतृत्व में प्रशासनिक कार्यवाही का विरोध किया था।

इस पूरे मामले के अनुसार कुआभट्ठा बस्ती में खसरा नंबर 188क में पिछले लंबे समय से कुछ लोग काबिज हैं, जिसमें काबिज लोगों को वर्ष 2002-03 में मुख्यमंत्री अजीत जोगी के समय पट्टा मिला था और उसके बाद पिछली सरकार के समय भी काबिज लोगों को पट्टा देने की कार्यवाही हुई। बीते गुरूवार को अचानक कोरबा तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व अमला काबिजल लोगों को हटाने की कार्यवाही करने पहुंचा। जिसका पार्षद शैलेंन्द्र सिंह पप्पी और बस्तीवासियों ने जमकर विरोध किया। पार्षद शैलेन्द्र सिंह ने अपने स्तर पर प्रशासनिक कार्यवाही की जानकारी ली तो यह बात सामने आई कि हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासनिक अमला कब्जा हटाने की कार्यवाही करने पहुंचा था, किंतु काफी होहल्ला और जोरदार विरोध होने के कारण हटाने की कार्यवाही नहीं हो सकी और प्रशासनिक अमला कब्जा हटाने की बजाए वापस लौट गया। इस बीच बस्तीवासियों ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में प्रशासनिक कार्यवाही के विरोध में याचिका लगा दी। जहां से तत्कालीन तौर पर बस्तीवासियों को बेदखली की कार्यवही के विरोध में स्टे मिल गया है। इधर जानकारी यह मिली है कि प्रशासन को शनिवार तक हाईकोर्ट के स्टे की कापी नहीं मिली है।

### पहुंचे थे कब्जा हटाने

कुआभट्ठा बस्ती में निजी जमीन पर 40 लोग काबिज थे। जिन्हें हटाने के लिए हाईकोर्ट के आदेश पर कार्यवाही करने पहुंचे थे। जहां तक बस्तीवासियों को कोर्ट से स्टे मिलने का मामला है तो उन्हें अभी स्टे की कापी नहीं मिली है। जमीन सीमांकन में निजी खातेदार की मिली थी।

-**अमित केरकेट्टा**, तहसीलदार, कोरबा

**खास बात**

- गुरुवार को तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासन का अमला पहुंचा था कब्जा हटाने

### हाईकोर्ट से स्टे मिला है

कुआभट्ठा बस्ती में 40 लोगों को हटाने की कार्यवही प्रशासन द्वारा की जा रही थी, जिसके विरोध में बस्ती के लोगों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर प्रशासनिक कार्यवाही के विरोध में स्थगन आदेश मिल गया है।

-**शैलेन्द्र सिंह**, पार्षद कुआभट्ठा

# जनता के विश्वास पर खरा उतरने का रहेगा पूरा प्रयासः महंत



नेता प्रतिपक्ष व सांसद का महामाला से स्वागत करते कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरी

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डां चरणदास महंत व सासंद श्रीमती ज्योत्सना महंत लोकसभा चुनाव के बाद जनता का आभार जताने नगर पंचायत छुरीकला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनता का आभार व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष व सांसद ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने एक बार महंत परिवार पर विश्वास जताया है, आपकी उम्मीदें खाली नहीं जाएगी। जनता के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसुमदाय व कांग्रेस नेता राजकुमार अग्रवाल एवं हीरालाल यादव सहित कार्यकताओं ने नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत व सासंद श्रीमती ज्योत्सना महंत का स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों द्वारा सांसद को नगर पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसपर सांसद श्रीमती महंत ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया है। सांसद श्रीमती महंत ने कहा है कि महंत परिवार सदैव आपके साथ है और छुरी नगर के विकास पर कोई कमी नहीं होगी। इस दौरान यादव आदर्श सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ पीएल यादव महामाला से स्वागत करते हुए श्री राधाकृष्ण की मूर्ति भेंट की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, विनोद अग्रवाल कोषाध्यक्ष गामीण, हीरालाल यादव, माया अग्रवाल, मधु अग्रनाल, राजकुमार अग्रवाल, मुन्ना पाठक, रामेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, बालकृष्ण नेताम, बलभद्र साहू, सुरेश साहू, सुरेश प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

# सर्पदंश से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक जहरीले सांप के काटने से एक 27 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुटेशर नगोई में निवासरत राम कुमारी 27 वर्ष पति राजकुमार अपने घर पर काम कर रही थी कि इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने रामकुमारी के पैर को डस लिया। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी मिली आनन फानन में राजकुमारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। ज्ञात रहे कि पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के बाद उमस अचानक से बढ़ गई है और जमीन पर रहने वाले जीव जंतु फिर से सक्रिय हो गए हैं। पिछले दो दिनों के भीतर जिले में दो लोगों की मौतसर्पदंश से हो गई है। जिसमें एक मासूम सहित एक महिला शामिल है। आने वाले दिनों में ऐसी घटनाओं में लगातार वृद्धि होगी इसलिए लोगों को जमीन में सोने से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करनी चाहिए।

# मृत शिक्षक के परिजनों को मदद



**हरदीबाजार।** 22 जून को स्व.नवीन कुमार अनंत सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला डिंडोलभाठा के सड़क दुघर्टना में निधन होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली एसएन साहू, संकुल समन्वयक तरुण डिक्सेना एवं जेपी तिवारी ने उनके गृह ग्राम फरहदा विकासखंड अकलतरा में पहुंचकर उनके पिता जयनारायण अनंत के सम्मुख उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा अनन्त को इस दुःख की घड़ी में शामिल होकर ठढांस बांधते हुए उन्हें एक्सग्रेसिया की राशि 50 हजार नगद दिया गया, परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## दिव्य ज्योति स्पेशल स्कूल के छात्रों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में मान बढ़ाया

# दृष्टि बाधित छात्र राज्य में अव्वल, श्रवण बाधित छात्रों ने भी किया कमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित दिव्य ज्योति स्पेशल स्कूल कोरबा के दृष्टि दिव्यांग व श्रवण दिव्यांग छात्रों ने कमाल कर दिखाया।

दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय छात्रावास कोरबा में निवासरत छात्र चंद्रभान साहू दृष्टि दिव्यांग है, उसने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 86.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय व छात्रावास का व कोरबा जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वह सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधवारी का छात्र है व छात्रावास में रहता है। उसने सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त किया है जिसमें हिंदी में 100 में 95, अंग्रेजी में 89, संस्कृत में 91, संगीत में 76, विज्ञान में 79, सामाजिक विज्ञान में 88 अंक अर्जित किया है। दिव्य ज्योति छात्रावास की प्रमुख श्रीमती रीता क्षेत्रपाल द्वारा सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

इसी तरह दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय व छात्रावास के श्रवण दिव्यांग विद्यार्थियों का कक्षा 12वीं में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान उदयभान श्रीवास ने 68.25 प्रतिशत अंक अर्जित किया। विशेष योग्यता ड्राइंग एंड पेंटिंग में 100 में से 85 अंक, स्टील लाइफ एंड डिजाइन में 86 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता पायी। कुमारी बबीता सिदार ने 65.75 प्रतिशत अंक अर्जित किया है।ड्राइंग एंड पेंटिंग में 100 में 85, स्टील लाइफ एंड डिजाइन में 81 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता पायी। अंकित सोनी ने 61.25% अंक प्राप्त किया, ड्राइंग एवं पेंटिंग में 100 में 80 स्टील लाइफ एंड डिजाइन में 80 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता पायी। निलम आनंद का 61 प्रतिशत रहा। संस्था से जुड़े पारस जैन ने बताया कि शुरू से ही ये विद्यार्थी मेधावी रहे हैं। दिव्य ज्योति इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी व छात्रावास विद्यालय का नाम इन्होंने रोशन किया है। समस्त छात्रावास परिवार में इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 16,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411